2011201

विषय : हिन्दी
Subject : Hindi

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 100
[Maximum Marks : 100

निर्देश: *(i)* सभी प्रश्न हल करना है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1– 'अ', 'ब', 'स', 'द' चार खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न हैं। (01×20=20 अंक)

(iii) प्रश्न क्रमांक 02 से 09 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक निर्धारित हैं। (02×08=16 अंक)

(iv) प्रश्न क्रमांक 10 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक निर्धारित हैं। (03×08=24 अंक)

(v) प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल तीन प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक निर्धारित हैं। (04×03=12 अंक)

(vi) प्रश्न क्रमांक 21 से 24 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक निर्धारित हैं। (05×04=20 अंक)

(vii) प्रश्न क्रमांक 25 निबंधात्मक है, जिस पर 08 अंक निर्धारित है। (शब्द सीमा 250) (01×08=08 अंक)

प्रश्न-1(अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए- [1×5=5]

(क) दोहा छंद में कितने चरण होते हैं -

(i) एक।

(ii) दो।

(iii) तीन।

(iv) चार।

(ख) दियासलाई के स्पर्श से धूपबत्ती नहीं जली, क्योंकि -

(i) वह तिरछी थी।

(ii) वह टूट गई थी।

(iii) वह एकदम सीधी थी।

(iv) वह गीली थी।

(ग) डिफ्थीरिया रोग किस अंग में होता है -

(i) कान।

(ii) नाक।

(iii) आँख।

(iv) गला।

(घ) बस के इंजन के गर्म होने की तुलना किससे की गई है -

(i) जलते तवे से।

(ii) आपस में लड़ती सवारियों से।

(iii) अफसर के दिमाग से।

(iv) गुस्सैल कंडक्टर से।

(ङ) उपमा अलंकार का अंग नहीं है –

(i) उपमेय।

(ii) उपमान।

(iii) आभूषण।

(iv) वाचक शब्द।

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – [1×5=5]

(क) एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला का नाम ..... है।

(ख) बंगाल में दशहरा ..... के रूप में मनाया जाता है।

(ग) 'वीरांगना' कविता के कवि ..... हैं।

(घ) प्रवाह चार्ट को ..... कहते हैं।

(ङ) 'नागरी' कहकर कवि ..... को संबोधित करना चाहता है।

(स) सत्य *अथवा* असत्य लिखिए – [1×5=5]

(क) बीज से मानव की तुलना की गई है।

(ख) बेवक्त जागेगा, वह पीछे रह जायेगा।

(ग) जानवर फर्क करना जानते हैं।

(घ) बूढ़ा व्यक्ति मेहमान के सामने नहीं उठता।

(ङ) बाजार भाव से ग्राहकों को कोई लाभ नहीं होता।

(द) उचित सम्बन्ध जोड़िए – [1×5=5]

खण्ड 'अ'		**खण्ड 'ब'**	
(क)	रानी कमलमुखी है।	(i)	उसने कहा था।
(ख)	निंदा करने वाला	(ii)	सावधान होना।
(ग)	नींद टूटना	(iii)	निंदक
(घ)	चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी'	(iv)	एक गाँव
(ङ)	चंद्रगहना	(v)	लक्षणा शब्द – शक्ति

प्रश्न–2 रहीम ने किस प्रकार के व्यक्ति को बड़ा माना है ? [2]

प्रश्न–3 निम्नलिखित के विलोम शब्द लिखिए – [1+1=2]

(i) पुराना।

(ii) गुलाम।

प्रश्न–4 कवि ने किसे जगाने का अनुरोध किया है ? [2]

प्रश्न–5 लघुकथा की भाषा कैसी होती है ? [2]

प्रश्न–6 उत्तक किसे कहते हैं ? [2]

प्रश्न–7 बगुला समाज के किस वर्ग का प्रतीक है ? [2]

प्रश्न–8 प्रपत्र क्या है ? [2]

प्रश्न–9 तुलसीदास ने अपना काव्य लेखन किन भाषाओं में किया है ? [2]

प्रश्न–10 छऊ नृत्य की तीन विशेषताएँ लिखिए। [1+1+1=3]

प्रश्न–11 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए– $[\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=3]$

(i) उल्लू सीधा करना।

(ii) नाक में दम करना।

(iii) मुँह छिपाना।

प्रश्न–12 व्यापारिक नगर की अपेक्षा ग्रामीण अंचल को प्रेम के लिए उर्वर क्यों माना गया है ? [3]

प्रश्न–13 बस और सरकारी तंत्र की किन्हीं तीन समानताओं का उल्लेख कीजिए। [1+1+1=3]

प्रश्न–14 निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए – [1+1+1=3]

(i) हंसना मना है।

(ii) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।

(iii) एक फूल की माला लाओ।

प्रश्न–15 जयशंकर प्रसाद के काव्य की तीन विशेषताएँ लिखिए। [1+1+1=3]

प्रश्न–16 गीतिका छंद की परिभाषा लिखकर उदाहरण द्वारा समझाइए। $[1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3]$

प्रश्न–17 क्षय रोग के तीन लक्षण लिखिए। [1+1+1=3]

प्रश्न–18 कबीर ने गुरु को कुम्हार क्यों माना है ? लिखिए। [4]

(अथवा)

वृन्द ने अपने दोहों में कौन–कौन से भाव प्रस्तुत किये हैं ? लिखिए।

प्रश्न–19 गंदे पानी या दूषित भोजन सेवन करने से क्या होता है ? अपने शब्दों में लिखिए। [4]

(अथवा)

मानव–जीवन के लिए अधिक पानी पीना लाभकारी क्यों है ? लिखिए।

प्रश्न-20 ''समाचार पत्र तटस्थ और निष्पक्ष होते हैं।'', इस पर टिप्पणी लिखिए। [4]

(अथवा)

किन्हीं चार हिन्दी अखबारों के नाम लिखिए तथा उसमें किस तरह के समाचार छपते हैं ? लिखिए।

प्रश्न-21 छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के सचिव को अपनी अंकसूची की त्रुटि सुधार हेतु एक आवेदन-पत्र लिखिए। [1+3+1=5]

(अथवा)

अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए, जिसमें उसे व्यायाम का महत्त्व बताया गया हो।

प्रश्न-22 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - [1+1+2+1=5]

''सूरज डूबने लगा और धीरे-धीरे ग्लेशियरों में पिघली केसर बहने लगी। बरफ कमल के लाल फूलों में बदलने लगी, घाटियाँ गहरी पीली हो गईं। अँधेरा होने लगा तो हम उठे और मुँह-हाथ धोने और चाय पीने लगे। पर सब चुपचाप थे, गुमसुम, जैसे सबका कुछ छिन गया हो, या शायद सबको कुछ ऐसा मिल गया हो, जिसे अंदर ही अंदर सहेजने में सब आत्मलीन हों या अपने में डूब गए हों।''

(अथवा)

''सुमित्रा उछाह में चली गई तो लाजो फिर मुस्कुराई। सोचने लगी, ''आदमी का मन भी क्या चीज है। सुमित्रा कल तक मुझसे अपने बेटे और बहू की निर्दयता की कहानी कहते-कहते रो पड़ती थी। आज बेटे ने तनिक प्रेम से छू दिया तो माँ के भीतर जमा हुआ सारा गिला-शिकवा गलकर बह गया और उसका झुका हुआ सिर तन कर ऊँचा हो गया।''''

प्रश्न–23 निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – [1+1+2+1=5]

''मेघ आये, बड़े बन–ठन के, सँवर के।
आगे–आगे नाचती–गाती बयार चली,
दरवाजे–खिड़कियाँ खुलने लगीं गली–गली,
पाहुन ज्यों आये हों गाँव में शहर के।
मेघ आये, बड़े बन–ठन के, सँवर के।।''

(अथवा)

''सोभित कर नवनीत लिए।
घुटुरनि चलत रेनु तन मंडित, मुख दधि लेप किए।।
चारु कपोल, लोल लोचन, गोरोचन तिलक दिए।
लट लटकनि मनु मत्त मधुपगन, मादक मधुहि लिए।।
कठुला कंठ, ब्रज केहरि नख, राजत रुचिर हिए।
धन्य सूर एकौ पल इहिं सुख, का सत कल्प जिए।।''

प्रश्न–24 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

[1+1+1+1+1=5]

''मनुष्य के जीवन में जो आदतें पड़ जाती हैं, वे किसी–न–किसी रूप में जीवन भर बनी रहती हैं, इसलिए बचपन से ही मितव्ययिता और बचत की आदतों का विकास आवश्यक है। कुछ बालक जेब खर्च के लिए मिले धन से ही बचत करते हैं। पैसा बचाकर अपनी–अपनी गुल्लक जल्दी–जल्दी भरने की उनमें होड़ लगी रहती है। कहा भी गया है कि एक–एक बूँद से सागर भरता है और एक–एक पैसा एकत्र करने से धन संचय होता है। अत: बालकों को ऐसी प्रेरणा की आवश्यकता है, जिससे वे नियमित रूप से बचत करने की आदत डालें और अपने लिए अनुकूल योजना को अपनाकर धन–संचय करते रहें।''

प्रश्न – (क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ख) मनुष्य में आदतों का विकास कब से होता है ?

(ग) बच्चे अपने द्वारा बचत की राशि को कहाँ जमा करते हैं ?

(घ) बूँद-बूँद से सागर भरता है, किस उक्ति के संदर्भ में कहा गया है ?

(ङ) बालकों को कैसी प्रेरणा की आवश्यकता है ?

(च) एक-एक पैसा एकत्र करने से क्या होता है ?

प्रश्न-25 निम्नलिखित में से किसी *एक विषय* पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए –

[2+4+2=8]

(i) स्वच्छ भारत – स्वस्थ भारत।

(ii) जीवन में खेलों का महत्त्व।

(iii) मोबाइल के लाभ-हानि।

(iv) समाचार-पत्र।

(v) राष्ट्रीय एकता।

✶✶✶